Seat No. : ______________

# AO-117 (H)

**April-2022**

**B.Com., Sem.-IV**

**208 : Taxation - II**

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

**सूचनाएँ :** (1) **विभाग-I** के सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

(2) **विभाग-I** में किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(3) **विभाग-II** का प्रश्न **5** अनिवार्य है ।

**विभाग – I**

1\. श्री मुकेश का ता. 31-3-2021 के दिन समाप्त होते वर्ष का व्यापार एवं लाभ–हानि खाता । **20**

उ. ज.

| विवरण | ₹ | विवरण | ₹ |
|---|---|---|---|
| प्रारंभिक स्टॉक | 4,84,000 | बिक्री | 34,05,110 |
| खरीदी | 20,00,000 | मकान भाड़ा | 28,000 |
| वेतन | 3,96,000 | अंतिम स्टॉक | 6,30,000 |
| मशीन पर ह्रास | 50,000 | डूबतऋण वापसी | 40,000 |
| पूँजी पर ब्याज | 40,000 | | |
| डूबतऋण अनामत | 38,000 | | |
| आयकर | 36,000 | | |
| विज्ञापन खर्च | 52,000 | | |
| दान | 32,000 | | |
| **शुद्ध लाभ** | **9,75,110** | | |
| | **41,03,110** | | **41,03,110** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) प्रारंभिक स्टॉक अपनी लागत कीमत से 10% अधिक एवं अंतिम स्टॉक अपनी लागत कीमत से 5% अधिक कीमत पर दर्शाया गया है ।

(2) यंत्र पर मान्य मूल्यह्रास मात्र 40,000 है ।

(3) ऊपर लाभ-हानि खाते में दिए गए विज्ञापन खर्च में राजनैतिक पार्टी के स्वामित्व वाले अखबार में विज्ञापन हेतु दिए गए ₹ 34,000 भी शामिल है ।

(4) मोटर कार का प्रारंभिक शेष ता. 1-4-2020 के दिन ₹ 2,40,000 था, जिस पर 15% मूल्यह्रास अनुमत है । व्यवसाय के लिए मोटर कार का उपयोग 2/3 होता है ।

(5) ₹ 38,000 की बाजार कीमत का माल ₹ 28,000 में खरीदी गया था एवं निजी उपयोग के लिए ले गए थे, जिसका समावेश बिक्री में ₹ 50,000 के रूप में हुआ है ।

(6) श्री मुकेश (जो एक पुस्तक के लेखक हैं) को ₹ 20,000 रोयल्टी के रूप में प्राप्त हुए, जिसे लाभ-हानि खाते में दर्शाया नहीं गया है ।

(7) ऊपर दिखाई गई दान की राशि में, गुजरात युनिवर्सिटी को नकद के रूप में दान दिए गए ₹ 20,000 को समाविष्ट नहीं किया गया है ।

(8) ऊपर दर्शाई गई डूबतऋण वापसी में ₹ 26,000 (जिसे भुतकाल में अनुमत नहीं किया गया था) शामिल है ।

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर आ.व. 2021-22 के लिए व्यवसाय-पेशे से प्राप्त कर पात्र आय ज्ञात करो ।

**अथवा**

(A) व्यवसाय-पेशे से प्राप्त आय शीर्षक के अंतर्गत स्वीकार्य एवं अस्वीकार्य व्ययों (खर्चों) के पाँच-पाँच उदाहरण दीजिए । **10**

(B) श्री पोपटलाल का हिसाबी वर्ष 2020-21 है । ता. 1-4-2020 को उनके पास पाँच मशीनें थी, जिसमें से तीन मशीनों (जिनकी समान मूल्यह्रास की दर 40% है) की किताबी किमत ₹ 18,00,000 थी, एवं शेष दो मशीनों (जिनकी समान मूल्यह्रास की दर 15% है) की किताबी किमत ₹ 19,20,000 है । **10**

ता. 30-4-2020 के दिन ₹ 10,00,000 में क्रय की गई एक नई मशीन पर अनुमत मूल्यह्रास की दर 40% है । ता. 1-7-2020 के दिन एक पुरानी मशीन (जिस पर मूल्यह्रास की दर 40% है) ₹ 8,40,000 में बेची गई ।

आ.व. 2021–22 के लिए दोनों मशीन समूहों के लिए कुल अनुमत मूल्यह्रास की गणना कीजिए ।

2. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **20**

(A) आ. व. 2021-22 के लिए श्री. वनराज की निम्न जानकारी के आधार पर करपात्र पूँजी लाभ ज्ञात कीजिए :

| संपत्तियाँ | क्रय की तारीख | खरीदी कीमत | ब्रिकी की तारीख | बिक्री कीमत | बिक्री खर्च |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्राम्य विस्तार में आवासीय मकान | 11-11-98 | 12,00,000 | 1-3-2021 | 1,15,24,500 | 75,500 |
| निजी स्वर्ण (गोल्ड) | 1-10-2005 | 22,60,000 | 21-9-2020 | 48,62,000 | 6,000 |
| निजी मोटरकार | 15-10-2013 | 4,62,000 | 21-12-2020 | 4,65,000 | शून्य |
| अंश (अनुद्धृत) | 1-3-2014 | 3,68,000 | 31-12-2020 | 9,07,000 | 3,000 |
| शहरी विस्तार में आवासीय फ्लैट | 30-8-2019 | 80,00,000 | 1-2-2021 | 90,60,500 | 60,500 |

ता. 1-4-2001 के दिन ग्राम्य विस्तार के आवासीय मकान की उचित बाजार कीमत ₹ 28,00,000 थी । इस मकान की उपज में से ₹ 22,00,000 नए आवासीय मकान में ता. 2-1-2021 को निवेश किए गए । करमुक्ति का लाभ लेने के लिए, उन्होंने ₹ 9,00,000 ता. 2-7-2021 को NHAI के पंचवर्षीय बॉन्ड्स में निवेश किए । संबंधित लागत स्फीति सूचकांक है ।

**संबंधित सूचकांक :**

| वि.व. | 2001-02 | 2005-06 | 2013-14 | 2019-20 | 2020-21 |
|---|---|---|---|---|---|
| **लागत स्फीति सूचकांक** | 100 | 117 | 220 | 289 | 301 |

(B) श्री सचिन की निम्न जानकारी के आधार पर आ.व. 2021–22 के लिए अन्य साधनों से प्राप्त आय की गणना कीजिए :

(1) 10% पोर्ट ट्रस्ट बॉण्ड्स ₹ 5,20,000

(2) इन्फोसिस लि. के 15% के अधिमान अंश ₹ 4,00,000

(3) TCS लि. के 10% करमुक्त डिबेन्चर्स (TDS की दर 10%) ₹ 4,32,000

(4) विप्रो लि. के 8% डिबेन्चर्स ₹ 8,00,000

(5) लॉटरी से आय (TDS की दर 30%) ₹ 4,20,000

(6) भूतपूर्व मालिक के पास से पेन्शन ₹ 1,44,000

ता. 30-11-20 को उन्होंने विप्रो लि. के ₹ 4,00,000 के डिबेन्चर्स बेच दिए । उन्होंने दलाली ₹ 200 तथा वसूली खर्च ₹ 300 भुगतान किए । उन्हें उपर्युक्त निवेश पर ता. 30-6 तथा 31-12 को ब्याज प्राप्त हुआ ।

(C) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (किन्हीं **दो** पर)

(1) पूँजी लाभ के लिए धारा 54 के अंतर्गत आवासीय मकान सम्पत्ति की बदली से प्राप्त कर मुक्ति ।

(2) पूँजी लाभ के लिए धारा 54F के अंतर्गत आवासीय मकान के अलावा की मिलकतों की बदली से प्राप्त कर मुक्ति ।

(3) पूँजी लाभ के संदर्भ में "बदली (ट्रांसफर)" ।

(4) अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक पूँजी लाभ ।

(D) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए (किन्हीं **दो** पर)

(1) ग्रोसिंग अप

(2) कोई भी पाँच करमुक्त आय

(3) बॉन्ड वोशिंग लेनदेन

(4) करमुक्त एवं निम्न कर वाली प्रतिभूतियाँ

3. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **20**

(A) अनुपमा ने पू.व. 2020-21 के दौरान निम्न निवेश किए थे । धारा 80C के अंतर्गत आ.व. 2021–22 के लिए कटौती (डिडक्शन) की गणना कीजिए :

(1) मेडिक्लेम बीमा प्रीमियम का भुगतान ₹ 30,000

(2) HDFC बैंक के हाऊसिंग लोन का पुनर्भुगतान ₹ 1,25,000
(मूल रकम ₹ 45,000 + ब्याज ₹ 80,000)

(3) बच्चे की शिक्षा के लिए भुगतान की गई ट्यूशन फीस ₹ 56,000

(4) जीवन बीमा प्रीमियम भुगतान ₹ 30,000

(5) SBI में पाँच वर्षों के लिए रखी गई स्थिर जमा ₹ 25,000

(6) PPF में योगदान ₹ 25,000

(B) धारा 80EE तथा धारा 80EEA के अंतर्गत मकान की लोन के ब्याज के लिए प्राप्त अतिरिक्त कटौती के बारे में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(C) धारा 80TTA तथा धारा 80TTB के अंतर्गत बैंक के बचत खाते तथा स्थिर जमा (FDR) पर मिलने वाले ब्याज पर प्राप्त कटौती के बारे में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(D) धारा 87A के अंतर्गत मिलने वाली आयकर छूट (रीबेट) पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

4. (A) माल एवं सेवा कर अधिनियम के अंतर्गत GST के प्रकारों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **10**

(B) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (किन्हीं **दो** पर) **10**

(1) GST काउन्सिल (परिषद)

(2) इनपुट टेक्स क्रेडिट (ITC)

(3) व्यवसाय का स्थान

(4) विपरीत चार्ज

## विभाग – II

5. सही विकल्प पसंद कीजिए : (कोई **पाँच**) **10**

(1) व्यावसायिक आय की गणना करते समय निम्न में से कौन सा खर्च अमान्य गिना जाएगा ?

(a) GST

(b) म्युनिसिपल कर

(c) आयकर

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(2) असमाविष्ट मूल्यह्रास ________ की आय के सामने समायोजित किया जा सकता है ?

(a) उसी व्यवसाय

(b) किसी भी व्यवसाय

(c) किसी भी शीर्षक

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(3) व्यवसाय एवं पेशे के शीर्षक के अंतर्गत आय की हिसाबी प्रविष्टि करने के लिए करदाता को निम्न पद्धतियों में से किस पद्धति का पालन करना होता है ?

(a) मात्र नकद पद्धति

(b) मात्र व्यापारी पद्धति

(c) (a) अथवा (b)

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(4) फर्नीचर के साथ वाले मल्टीप्लेक्स का भाड़ा _______ शीर्षक के अंतर्गत करपात्र है ।

(a) व्यवसाय से आय

(b) पूँजी लाभ से आय

(c) अन्य साधनों से आय

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(5) आयकर रिफण्ड पर प्राप्त ब्याज ______ शीर्षक के अंतर्गत करपात्र है ।

(a) व्यवसाय से आय

(b) पूँजी लाभ से आय

(c) अन्य साधनों से आय

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(6) आवासीय मकान की उप–किरायेदारी से प्राप्त आय ___ शीर्षक के अंतर्गत करपात्र है ।

(a) व्यवसाय से आय

(b) पूँजी लाभ से आय

(c) अन्य साधनों से आय

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(7) वरिष्ठ नागरिक के लिए धारा 80TTB के अंतर्गत बैंक ब्याज की आय _____ तक करमुक्त है ।

(a) ₹ 50,000

(b) ₹ 75,000

(c) ₹ 1,00,000

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(8) वरिष्ठ नागरिक के लिए धारा 80D के अंतर्गत मेडिक्लेम के प्रीमियम ______ तक करमुक्त है ।

(a) ₹ 50,000

(b) ₹ 75,000

(c) ₹ 1,00,000

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(9) बंद हुए व्यवसाय का नुकसान ______ आय के सामने अनुमत है ।

(a) मान्य

(b) अमान्य

(c) अंशत: मान्य

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(10) GST का भुगतान किसके आधार पर किया जाता है ?

(a) पूर्ति

(b) रोकड़ प्राप्ति

(c) (a) तथा (b) दोनों

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(11) भारत में GST की अधिकतम दर _______ है ।

(a) 28%

(b) 30%

(c) 35%

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(12) 'माल' शब्द में निम्न में से किसका समावेश नहीं होता है ?

(a) धन

(b) जंगम संपत्ति

(c) स्थावर संपत्ति

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

___________